# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क
ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें
ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com
8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-2 | अंक-162 | सागवाड़ा, रविवार, 19 जनवरी, 2023 | अवधिः हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)




हर हर महादेवज शिवरात्रि के उपलक्ष पर शनिवार को वागड़ के शिव मंदिरों में शिव भक्तों की भीड़ रही। ढाकरडा के सिद्धनाथ महादेव मंदिर में दर्शन के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

## गहलोत सरकार को रिपीट करने की बात करते हैं कांग्रेस परमानेंट डिलीट होगी- पुनिया

### मुख्यमंत्री गहलोत पर पूनिया का कटाक्ष, गहलोत पहले बहरे थे अब अंधे भी हो गए हैं, सांसद क्रिकेट प्रतियोगिता को लेकर सागवाडा पहूँचे थे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पुनिया

**सागवाडा।** सांसद क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया शनिवार शाम को महिपाल खेल मैदान पहुँचे और यहाँ उन्होंने खिलाड़ियों और भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह मानना है कि राजनीति केवल नारों के लिये नहीं हो राजनीति रचनात्मक हो। सांसद कनकमल कटारा ने नवाचार किया है जिसमें सर्व समाज के लोगों को समाहित करते हुए इस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया है। खेल में वह ताकत है कि जो किसी भी बंधन को तोड़ कर लोगों को जोड़ता है। इस अवसर पर सांसद कनकमल कटारा, प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा, जिलाध्यक्ष प्रमुख पंड्या, पूर्व जिलाध्यक्ष हरीश पाटीदार, जिला प्रमुख सूर्या अहारी, प्रधान ईश्वर सरपोटा, सुदर्शन जैन, प्रकाश पंचाल, नगर अध्यक्ष श्याम भट्ट मौजूद रहे।



### कांग्रेस राज में भ्रष्टाचार शिष्टाचार बना गया है

प्रदेशाध्यक्ष पूनिया ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर कटाक्ष करते हुए कहा कि गहलोत पहले बहरे थे अब अंधे भी हो चुके हैं ऐसा लग रहा है।

राजस्थान के हर किसी व्यक्ति को पता कि 4 सालों में राजस्थान की हालत क्या हुई है। राजस्थान में कानून का राज खत्म हो गया। राजस्थान के किसानों की ज़मीन नीलाम हो रही है। राजस्थान के पिछले 4 वर्षों के नौजवानों की आत्महत्याओं का आंकड़ा बढ़ा है। बेरोजगारी की दर बढ़ी है। रीट के विद्यार्थियों को आत्महत्या के लिए मजबूर किया। ये सभी कांग्रेस की विफलता के मुद्दे हैं। कांग्रेस राज में भ्रष्टाचार शिष्टाचार बना गया है ।

### पूर्व CM राजे के दौरे पर चुप्पी, कहा भाजपा में मोदी चेहरा और सामूहिक नेतृत्व

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के सागवाडा दौरे के सवाल पर प्रदेश अध्यक्ष ने चुप्पी साधते हुए कहा कि भाजपा सामूहिक रूप से चुनाव लड़ेंगी। नेताओं का अपना सम्मान अपनी जगह है लेकिन प्रधानमंत्री का पिछले दिनों राजस्थान आगमन और उसमें लाखों लोगों का आना यह इस बात का संकेत है कि मोदी का नाम और काम यह राजस्थान में जनमानस में बढा है। भारतीय जनता पार्टी के संगठन, विचार और कार्यकर्ताओं का परिश्रम उसकी ताकत हम लोग पूरे तरीके से तैयार हैं। सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ेंगे मोदी के नाम और काम पर लड़ेंगे।

### चुनावी वर्ष में लुभाने के लिए बिजली फ्री

बिजली के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि बिजली फ्री वर्ष 2018, 2019 में करते, बीच में करते तो मानते की किसानों के लिए कुछ किया है लेकिन अब चुनावों को देखते हुए लुभाने का काम किया जा रहा है । केंद्र के पैसे को भी ठीक तरीके से उपयोग नहीं किया जा रहा। राजस्थान की सरकार के खिलाफ जो आक्रोश है वह मुझे लगता है कि इतना बड़ा है कि वह तो सरकार को रिपीट करने की बात करते हैं लेकिन मैं हूं कि इस आक्रोश से कांग्रेस परमानेंट डिलीट होगी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री और प्रदेश महामंत्री सुशील कटारा, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रभु पंड्या, पूर्व जिला अध्यक्ष हरीश पाटीदार प्रकाश पंचाल, नगराध्यक्ष श्याम भट्ट, विक्रम सिंह, कांति खटीक सहित भाजपा कार्यकर्ता और खिलाड़ी मौजूद थे।

## बीटीपी प्रवक्ता ने आप पार्टी ज्वॉइन की

**डूंगरपुर।** भाजपा के पूर्व एमएलए और बीटीपी के प्रदेश प्रवक्ता देवेंद्र कटारा ने शनिवार को आम आदमी पार्टी ज्वॉइन कर ली है। आप के राजस्थान प्रदेश प्रभारी विनय मिश्रा ने उन्हें पार्टी ज्वॉइन करवाई। उनके साथ डूंगरपुर के 12 कार्यकर्ताओ ने भी आप की सदस्यता ली है। देवेंद्र कटारा ने बीटीपी पर आदिवासियों को गुमराह करने ओर मुद्दे से भटकने के आरोप लगाए हैं। पूर्व विधायक और बीटीपी के प्रदेश प्रवक्ता देवेंद्र कटारा ने जयपुर मे आम आदमी पार्टी के कार्यक्रम में सदस्यता ली।

## एसपी ने किया सागवाडा थाने का दौरा



**सागवाड़ा।** जिला पुलिस अधीक्षक कुन्दन कंवरिया ने शनिवार को प्रथम बार पुलिस थाने का शनिवार शाम को दौरा किया। पुलिस थाना पुहंचने पर पुलिस के जवानों ने पुलिस अधीक्षक कंवरिया को गार्ड ऑफ ओनर दिया। पुलिस अधीक्षक कंवरिया ने थाने में तेनात कांस्टेबल हेड कांस्टेबल तथा अन्य अधिकारियों से परिचय लेते हुए उनकी ओर से किए जाने वाले कार्यों की जानकारी ली। पुलिस अधीक्षक ने मालखाना, स्वागत कक्ष, मेस, रिकॉर्ड कक्ष, कम्प्यूटर कक्ष, वायरलेस कक्ष का निरीक्षण किया।

थानाधिकारी हिमांशुसिंह राजावत से नगर क्षेत्र की स्थिती के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने नगर में जाति वाईज मकान तथा विगत कुछ समय में किसी बड़ी घटना के बारे में पुछा। पुलिस अधीक्षक कंवरिया ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए सागवाड़ा थाना क्षेत्र के बारे में जानकारी ली। कंवरिया के समक्ष शहर में आ रही ट्रॉफिक की समस्या से अवगत कराया तथा ट्रॉफिक स्टॉफ लगाने के बारे में बताया। उन्होंने ट्रॉफिक समस्या का समाधान करने का भरोसा दिया।

## स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल के साथ तीन मंत्री सागवाडा के दौरे पर

### - स्वागत द्वार, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व डॉ. नागेंद्र सिंह पार्क, पक्षी घर और पेयजल क्लस्टर योजना का होगा शुभारंभ
### - पुनर्वास कालोनी गणेश मंदिर के पास सभा होगी

**सागवाडा।** नगर पालिका सागवाडा के दो वर्ष पूर्ण होने पर 19 फ़रवरी को शहर को विकास कार्यों की कई सौगातें मिलेंगी। विकास कार्यों के लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वायत्त शासन विभाग के मंत्री शांति धारीवाल होंगे। उनके साथ राजस्व मंत्री के अलावा जनजाति मंत्री अर्जुन बामणिया, जल संसाधन मंत्री महेंद्र सिंह मालवीय, राज्य मंत्री शंकर यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश खोडनिया, पीसीसी सदस्य रघुवीर मीणा, पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा, डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा और पूर्व विधायक सुरेंद्र बामणिया मौजूद रहेंगे। नगरपालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने बताया कि 1 करोड़ 30, लाख रुपया ख़र्च कर पुनर्वास कॉलोनी में डॉ. डॉक्टर श्यामाप्रसाद मुखर्जी पार्क का सुदृढ़ीकरण में नवीनीकरण किया गया है जो शहरवासियों को समर्पित किया जाएगा। इसी तरह मसानिया तालाब पर क़रीब 10 लाख रुपया ख़र्च कर पक्षी घर का निर्माण किया गया है। 27 लाख का डॉ. नागेंद्र सिंह पार्क, विभिन्न वार्डों में 35 लाख रुपये के पानी के क्लस्टर, आई लव सागवाडा, मोक्ष धाम सौंदर्यीकरणऔर भामाशाह की मदद से गलियाकोट मार्ग पर बोहरा समुदाय की ओर से बनाये गये स्वागत द्वार का लोकार्पण किया जाएगा। यहां स्वागत द्वार के दोनों ओर 100 मीटर सड़क फ़ोर लेन बनायी गई है। इसके अलावा डॉक्टर नागेंद्र सिंह पार्क का भी नवीनीकरण सौंदर्यीकरण किया गया है जिसका उद्घाटन किया जाएगा।


